लक्ष्यं विश्वमानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours/Programme 2nd Semester Examination, 2023

## HINHGEC02T/HINGCOR02T-HINDI (GE2/DSC2)

Time Allotted: 2 Hours — Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — $1\times5 = 5$

(क) कबीर के समकालीन शासक का नाम बताइए।

(ख) तुलसीदास द्वारा रचित 'विनय पत्रिका' की भाषा क्या है ?

(ग) रसखान का वास्तविक नाम बताइए।

(घ) 'गागर में सागर' उक्ति किस कवि के लिए प्रसिद्ध है ?

(ङ) रीतिमुक्त काव्यधारा के एक कवि का नाम बताएं।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — $5\times3 = 15$

(क) प्रेम न बारी उपजे,
प्रेम न हाट बिकाई।
राजा परजा जेहि रूचे,
सीस देहि ले जाई ॥

(ख) जाऊँ कहाँ तजि चरण तुम्हारे।
काको नाम पतित पावन जग केहि अति दीन पियारे
कौन देव बराइ बिरद हित, हठि-हठि अधम उधारे।
खग, मृग, व्याध, पषान, विटप जड़, जवन-कवन सुत तारे।
देव, दनुज, मुनि, नाग, मनुज सब, माया-बिबस विचारे।
तिनके हाथ दास तुलसी प्रभु, कहा अपुनपौ हारै।

(ग) या लकुटी अरू कामरिया पर राज तिहुँ पुर को तजि डारौ।
आठहु सिद्धि नवौ निधि को सुख नंद की गाइ चराइ बिसारौ ॥
ए रसखानी जबै इन नैनन ते ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौ।
कोटिक ये कलधौत के धाम करील की कुंजन ऊपर वारौ ॥

(घ) जपमाला, छापैं, तिलक सरै न एकौ कामु।
मन-काँचे नाचै वृथा, साँचे राँचै रामु ॥

(ङ) अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं।
तहाँ साँचे चलैं तजि आपनपौ झझकें कपटी जे निसांक नहीं।
घनआनंद प्यारे सुजान सुनौ यहाँ एक तें दूसरो आँक नहीं।
तुम कौन धौं पाटी पढ़े हौ कहौ मन लेहु पै देहु छटांक नहीं॥

3. कबीर की भक्ति-भावना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

सूरदास के काव्य की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. मीरा के काव्य में व्यक्त प्रेम-व्यंजना का विवेचन कीजिए। 15

अथवा

कवि बिहारी के काव्य-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

——×——

लक्ष्यं विश्वमानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours 2nd Semester Examination, 2023

## HINACOR04T-HINDI (CC4)

Time Allotted: 2 Hours — Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 1×5 = 5

(क) किस कृति को 'छायावाद का उपनिषद्' कहा जाता है ?

(ख) 'अराति सैन्य सिन्धु में' पंक्ति में 'अराति' शब्द का अर्थ लिखिए।

(ग) 'राग-विराग' काव्य-संग्रह के संपादक का नाम लिखिए।

(घ) "वास्तव में जीवन में कविता का वही महत्त्व है, जो कठोर भित्तियों से घिरे कक्ष के वायुमण्डल को अनायास ही बाहर के उन्मुक्त वायु-मण्डल से मिला देने वाले वातायन को मिला है।" — कथन किसका है ?

(ङ) 'परिवर्तन' कविता पंत के किस काव्य-संग्रह में सर्वप्रथम प्रकाशित हुई थी ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — 5×3 = 15

(क) धर्म का ले लेकर जो नाम हुआ करती बलि, कर दी बंद।
हमी ने दिया शांति-संदेश, सुखी होते देकर आनंद।
विजय केवल लोहे की नहीं, धर्म की रही धरा पर धूम।
भिक्षु होकर रहते सम्राट् दया दिखलाते घर-घर घूम।

(ख) धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ।
लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर।
खून की नदी बही।
आँख-कान मूँदकर जनता ने डुबकियाँ लीं।

(ग) इस धारा-सा ही जग का क्रम, शाश्वत, इस जीवन का उद्‌गम,
शाश्वत है गति ! शाश्वत संगम !
शाश्वत नभ का नीला विकास, शाश्वत शशि का यह रजत हास,
शाश्वत लघु लहरों का विलास !

(घ) प्रथम जागृति थी जगत के प्रथम स्पन्दन में,
प्रलय में मेरा पता पदचिह्न जीवन में,
शाप हूँ जो बन गया वरदान बन्धन में ;
कूल भी हूँ कूलहीन प्रवाहिनी भी हूँ !

(ङ) हो मलते कलेजा पड़े, जरा-जीर्ण,
निर्निमेष नयनों से
बाट जोहते हो तुम मृत्यु की
अपनी संतानों से बूँद भर पानी को तरसते हुए ?

3. "प्रसाद ने प्रेम को बहुत व्यापक स्तर पर अनुभव किया, उसे मानव और मानवता के साथ जोड़कर प्रकृति तथा राष्ट्र के साथ भी जोड़ा।"— इस कथन की युक्तियुक्तता पर विचार कीजिए। 15

अथवा

'महंगू महंगा रहा' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

4. "सूक्ष्म की सौंदर्यानुभूति और रहस्यानुभूति पर आश्रित गीति-काव्य अपने लौकिक रूपकों में इतना परिचित और मर्मस्पर्शी हो सका है कि उसके प्रवाह में युगों से प्रचलित सस्ती भावुकतामूलक और वासना के विकृत चित्र देने वाले गीत सहज ही बह गये।" — महादेवी वर्मा के इस कथन की विवेचना कीजिए। 15

अथवा

सुमित्रानंदन पंत के काव्य में व्यक्त मानवतावाद को सोदाहरण उद्घाटित कीजिए।

——×——

सत्यं शिवमानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours 2nd Semester Examination, 2023

## HINACOR03T-HINDI (CC3)

Time Allotted: 2 Hours — Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 1×5 = 5

(क) भारतेन्दु उर्दू में किस उपनाम से कविताएं लिखते थे ?

(ख) गद्य-पद्य की भाषा के संदर्भ में महावीर प्रसाद द्विवेदी सिद्धांततः किससे प्रभावित थे ?

(ग) 'मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति होती है।' कथन किसका है ?

(घ) 'कुआनो नदी' रचना के रचनाकार का नाम बताइए।

(ङ) 'नयी कविता के प्रतिमान' के लेखक कौन हैं ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए — 5×3 = 15

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ख) भारतीय नवजागरण

(ग) साठोत्तरी कविता

(घ) नागार्जुन

(ङ) रेखाचित्र

3. "जिस प्रकार भक्ति के लिए उपासना या ध्यान की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार भावों के प्रवर्तन के लिए भावना या कल्पना अपेक्षित होती है।" छायावादी काव्य के सम्बन्ध में उक्त कथन की युक्तियुक्तता पर विचार कीजिए। 15

अथवा

प्रगतिवाद से आप क्या समझते हैं ? प्रगतिवादी काव्य आन्दोलन का सोदाहरण परिचय दीजिए।

4. प्रयोगवाद की प्रमुख प्रवृत्तियों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

निबंध के उद्भव और विकास पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

———×———